# पं.रविशंकर शुक्ल् विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्र. 14331/अका/2006 दिनांक- 31/1/2006

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की आपातिक बैठक दिनांक 30.1.2006 को 4 बजे अपरान्ह् विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के कुलपति कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | डॉ लक्ष्मण चतुर्वेदी, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2 | डॉ ओ.पी.वर्मा, कुलाधिसचिव | सदस्य |
| 3 | डॉ हर्षवर्धन तिवारी | सदस्य |
| 4 | डॉ शशिभूषण | सदस्य |
| 5 | डॉ डी.डी.वर्मा | सदस्य |
| 6 | डॉ एच.आर.शर्मा | सदस्य |
| 7 | डॉ.जी.बी.गुप्ता | सदस्य |
| 8 | डॉ रमेश नैयर | सदस्य |
| 9 | डॉ जी.डी.साव | सदस्य |
| 10 | डॉ हेमलता महोबे | सदस्य |
| 11 | श्री के.के.चंद्राकर, कुलसचिव | सचिव |

कार्यवृत्त

विषय क्रमांक 1 दिनांक 30.1.2006 को आयोजित विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक में द्वादश दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की मानद उपाधि प्रदान करने हेतु की गई अनुशंसा के अनुमोदन पर विचार करना।

निर्णय द्वादश दीक्षांत समारोह सोमवार दिनांक 27.2.2006 को सांय 4 बजे विश्वविद्यालय प्रेक्षागृह में आयोजित है जिसमें मुख्य अतिथि डॉ सैम पित्रोदा, प्रधानमन्त्री के सलाहकार, तकनीकी मिशन होंगे। विद्यापरिषद की स्थायी समिति में निम्नलिखित व्यक्तियों को उनके कार्यक्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिये पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की डी लिट् की मानद उपाधि प्रदान करने की अनुशंसा की गई।

1. डॉ जोसेफ एच.हेमिल्टन - विज्ञान संकाय के अंतर्गत डी.लिट्
2. श्रीमती तीजन बाई - कला संकाय के अन्तर्गत डी.लिट्

सर्वसम्मति से विद्यापरिषद की स्थायी समिति की उपरोक्त अनुशंसा का अनुमोदन किया गया। मुख्य अतिथि एवं मानद् उपाधि के लिये अलंकृत करने हेतु अनुशंसित व्यक्तियों को नियमानुसार टी.ए./डी.ए. प्रदान करने हेतु अनुमोदित किया गया।

अध्यक्ष की अनुमति से-

विषय क्र. 2 शोध उपाधि समिति में उपस्थित विषय-विशेषज्ञ को सीटिंग फीस प्रदान करने पर विचार करना।

निर्णय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इसी सत्र से शोध उपाधि समिति में उपस्थित विषय-विशेषज्ञ को प्रदान किये जाने वाले यात्रा भत्ता के अलावा सीटिंग शुल्क के रूप में रू.1000/- प्रदान करने हेतु अनुमोदन किया गया।

विषय क्र.3 मोडरेशन हेतु उपस्थित विषय विशेषज्ञों के पारिश्रमिक वृद्धि के संबंध में विचार करना।

निर्णय विभिन्न विषयों के प्रश्न पत्रों केमोडरेशन हेतु उपस्थित विषय-विशेषज्ञ को रूपये 100/- प्रति कोड पारिश्रमिक इसी सत्र से दिये जाने का अनुमोदन किया गया।

अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित करने के बाद बैठक सम्पन्न हुई।

कुलपति कुलसचिव

पृष्ठांकन क्रमांक 4332/अका/2006 दिनांक- 31/ /2006

प्रतिलिपि :-

१. महामहिम कुलाधिपति के सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर ।
२. कार्य परिषद के समस्त सदस्यों को ।
३. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद/ अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,
४. वित्ताधिकारी/आवासीय अंकेक्षक,
५. कुलपति के सचिव/ कुलसचिव के निजी सहायक

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

कुलसचिव